NES High School

II Preliminary Examination

Roll. No. : ____

Date : 05/01/2019 Sub : Hindi (Composite) Marks : 25

Std. : X, Div: ____ Pages : 03 Time: 45 mins.

प्र.१ पठित परिच्छेद पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

इन्वेस्टमेंट

"यार सुरेश ?" अशोक ने अपने पारिवारिक मित्र से बड़े अचरज से पूछा, "मैं हमेशा देखता हूँ, तुम अपनी सौतेली माँ की दिन-रात सेवा करते रहते हो, लेकिन वह तुम्हें हमेशा बुरा-भला ही कहती है । बड़ी अजीब बात है, हमारे तो बस का काम नहीं है इतना सुनना, तुम कैसे कर लेते हो इतना सब्र?"

"करना पड़ता है भाई ।" सुरेश ने फीकी मुस्कान से कहा, "इन्वेस्टमेंट सेंटर चलाता हूँ न, बाहर पैसे का इन्वेस्टमेंट करवाता हूँ और घर में संस्कारों का इन्वेस्टमेंट कर रहा हूँ ।"

"संस्कारों का इन्वेस्टमेंट, वह कैसे?"

"बचपन में मैंने परिजनों को बुजुर्गों की सेवा करते देखा । इसी भाव का इन्वेस्टमेंट अब अपने बच्चों में कर रहा हूँ । अरे भाई, बच्चे जब मुझे माँ की सेवा करते देखते हैं तो एक ईमानदार इन्वेस्टर की तरह मुझे उम्मीद है कि उनके अंदर भी भारतीय संस्कार विकसित होकर रहेंगे ।"

१) आकृति पूर्ण कीजिए । (०१)

लघुकथा में आए पात्रों के नाम

[ ] [ ]

२) एक शब्द में उत्तर लिखिए । (०१)

१. सुरेश किसका पारिवारिक मित्र है ?

२. सुरेश कौन-सा सेंटर चलाता है ?

३) १. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (०१)

१) अचरज : २) घर :

२. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द लिखिए । (०१)

१) विकास : २) बच्चा :

४) स्वमत अभिव्यक्ति (०२)

'व्यवहार से संस्कार छलकते है' इस विधान को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

प्र.२ पठित पद्यांश पर आधारित कृतियाँ पूर्ण कीजिए ।

तन माटी का
फिर कैसा गुमान
कद काठी का ।

Scanned by CamScanner

उड़ा पखेरू
देखता रह गया
ठगा-सा तरू ।

डाकिया चला
बाँटने सुख-दुख
भर के झोला ।

मैया की आई
वृद्धाश्रम से चिट्‌ठी
कैसे हो बेटा ।

हो गई चोरी
संस्कारों की तिजोरी
लुट गया मैं ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । (०१)



२) पद्यांश पर आधारित ऐसा प्रश्न तैयार कीजिए जिसका उत्तर निम्नलिखित शब्द हो । (०१)

माटी

३) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द पद्यांश से खोजकर लिखिए । (०१)

१. जवान X　　　　२. खाली X

४) "माता-पिता बच्चों के पथप्रदर्शक होते है", स्पष्ट कीजिए । (०२)

प्रश्न ३) व्याकरण कृतियाँ

१) वर्तनी के नियमों के अनुसार शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए । (०१)

१. निमर्ल / निर्मल / र्निमल / निरमल ः ________

२. बाँटना / बांटना / बाटना / बाटँना ः ________

२) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए और भेद लिखिए । (०२)

शब्द	संधि विच्छेद	भेद
निर्मल		
दुष्कर		

Scanned by CamScanner

३) निम्नलिखित वाक्यों का रचना के अनुसार भेद लिखिए । (०१)

१. हमेशा सत्य बोलना चाहिए ।

२. मैंने उससे कहा कि पेड़ सूख जाएगा ।

४) निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के अनुसार भेद लिखिए । (०१)

१. इस वर्ष वहुत गर्मी है ।

२. पिता जी आते ही होंगे ।

५) निम्नलिखित वाक्य का कालभेद पहचानिए तथा सूचनानुसार परिवर्तन कीजिए । (०१)

सेठ की पत्नी बीमार हो गई ।

.... काल	.... अपूर्ण भूतकाल

प्र. ४ उपयोजित लेखन

१) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर पत्र लिखिए । (०४)

निमेश /नियति दोषी, वराछा रोड, सूरत ।	अपने चाचा जी श्री सुधिर दोषी, २, अलकापुरी, बड़ौदा ।
जन्मदिन दिन पर दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद पत्र	

२) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर ऐसे चार प्रश्न तैयार कीजिए, जिनके उत्तर एक-एक वाक्य में हो । (०४)

राजा जनक अपने उपवन में टहल रहे थे । उनके मन में अनेक चिंताएँ थीं । अनेक प्रश्न उन्हें घेरे हुए थे, जिनका कोई स्पष्ट उत्तर खोजने में वे ऐसे निमग्न थे कि उनका जरा भी ध्यान उपवन की शोभा की ओर नहीं था । संध्या होने लगी थी । पक्षी दिनभर के श्रम से थके अपने बसेरों को लौट रहे थे । कुछ पक्षी पेड़ों की डालियों पर बैठे, पंख पसार कर अपनी थकान उतार रहे थे । उनके चहचहाने से पूरा उपवन गूँज रहा था । राजा जनक के कानों तक कोई आवाज पहुँच नहीं रही थी । धीरे-धीरे अँधेरा घिरने लगा । राजा जनक अचानक सचेत हुए । ओह ! आज कितना अंधकार है । कौन-सा दिन है ? क्या आज अमावस्या है ?

....

Scanned by CamScanner